पुत्र ने साले के साथ मिलकर की थी पिता की हत्या

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 7 सितम्बर। नरवर थाना पुलिस ने हत्या के सनसनीखेज मामले का महज 48 घंटे में पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि

दो आरोपी गिरफ्तार, हत्या की वजह बनी संपत्ति का लालच

हत्या किसी और ने नहीं बल्कि मृतक के अपने ही बेटे ने अपने साले के साथ मिलकर की।

नरवर थाना प्रभारी विनय यादव के अनुसार, जांच में सामने आया कि आरोपी पुत्र घनसुन्दर

कुशवाह उम्र 21 वर्ष अपनी मां की पैतृक जमीन हड़पना चाहता था। जब पिता इमरतलाल कुशवाह उम्र 50 वर्ष ने इसका विरोध किया तो घनसुन्दर ने अपने साले अंकित कुशवाह के साथ मिलकर पिता को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। 1 सितंबर को दोनों आरोपी पिता इमरतलाल को सुनसान इलाके में ले गए। पहले उन्हें शराब पिलाई, फिर नशे की हालत में कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी और शव को गोलखांद दरगाह के पास सतनवाड़ा रोड पर फेंक दिया। शुरुआत में बेटे ने ही थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई और अज्ञात लोगों पर शक जताया। लेकिन पुलिस की सूक्ष्म जांच, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर शक उसी बेटे और साले पर गया।

सख्ती से पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, एएसपी संजय मुले के मार्गदर्शन और एसडीओपी करैरा डॉ. आयुष जाखड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। इस खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक विनय यादव, उनि जूली तोमर, उनि लक्ष्मण सिंह कुशवाह, उप निरीक्षक अभिनव शर्मा, सउनि राधाकृष्ण बंजारा, प्र.आर. सुनील भार्गव, प्रधान आरक्षक हरीकिशन यादव, प्रधान आरक्षक हरिशंकर यादव, आरक्षक गौरव जाट, रामवीर सिंह, भोले सिंह, सलमान खाँन, परमाल, अजय गुर्जर, म.आर. कीर्ती मौर्य और आरक्षक चालक राजबहादुर की सराहनीय भूमिका रही।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया का शिवपुरी दौरा 10 और 12 सितम्बर को

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 7 सितम्बर। भारत सरकार के संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 और 12 सितम्बर को शिवपुरी जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जिले में अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय जनता व अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे।

10 सितम्बर- पिछोर, चमरौआ, मुहासा और पिपरा में उपकेंद्र लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री 10 सितम्बर को दोपहर 1-00 बजे पिछोर के गरेठा में उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद 2-30 बजे ग्राम चमरौआ में उपकेंद्र शिलान्यास, 4-30 बजे ग्राम मुहासा में उपकेंद्र का शिलान्यास और 6-30 बजे

अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और स्थानीय जनता व अधिकारियों के साथ करेंगे संवाद

ग्राम पिपरा में उपकेंद्र शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अशोकनगर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

12 सितम्बर- कोटा, शिवपुरी और सिंहनिवास में भव्य कार्यक्रम : प्रात- 11-40 बजे एमपीटी टूरिस्ट विलेज से प्रस्थान कर कोटा सोसायटी ग्राउंड, कोटा भगोरा में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, दोपहर 1-00 बजे छत्री रोड, शिवपुरी स्थित परिणय वाटिका में व्यापारिक एवं औद्योगिक समरसता सम्मेलन में भाग लेंगे, 2-15 बजे फिजिकल कॉलेज रोड, शांति नगर में शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया महाविद्यालय (पी.एम.कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) के नवीन भवन का उद्घाटन और ककरवाया में लॉ कॉलेज का भूमिपूजन, 3-45 बजे नक्षत्र वाटिका, शिवपुरी में प्रेस क्लब शिवपुरी के कार्यक्रम में शामिल होकर 5-25 बजे ग्राम सिंहनिवास में विद्युत उपकेंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के बाद होटल जय विलास पैलेस के लिए रवाना होंगे।

पिता के सपनों को बेटे ने दिया जीवन, खजूरी में 9 सितंबर को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 7 सितम्बर। पिता का सपना बेटे ने अपने कर्मों से साकार कर दिखाया। ग्राम खजूरी निवासी स्व. प्रेमनारायण दुबे का सपना था कि उनका बेटा चिकित्सक बने और जरूरतमंदों की सेवा करे। जीवनकाल में यह सपना अधूरा रह गया, लेकिन उनके छोटे बेटे डॉ. दीपेंद्र दुबे ने पिता के आशीर्वाद से इसे पूरा किया और आज शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

अपने पिता की पुण्यतिथि 9 सितंबर को डॉ. दीपेंद्र ने उनकी स्मृति को जनसेवा से जोडने् का फैसला किया है। इसी क्रम में वे अपने गृह ग्राम खजूरी में एक

विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने जा रहे हैं। इस शिविर में डॉ. दीपेंद्र के साथ विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे। मरीजों को जांच, परामर्श के साथ-साथ दवाएं भी बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। दुबे परिवार ने खजूरी और आसपास के ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सेवा शिविर का लाभ उठाएं और स्व. प्रेमनारायण दुबे के सपने को सार्थक बनाने में सहभागी बनें।

बाइक गिराकर कट्टे की नोंक पर मोबाइल, पर्स और मंगलसूत्र लूटा

शिवपुरी। इंदार थाना क्षेत्र शनिवार शाम दहशत से भर गया जब बाइक सवार बदमाशों ने एक दंपति को फिल्मी अंदाज में निशाना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने चलते वाहन को टक्कर मारकर गिराया और फिर कट्टे की नोक पर मोबाइल फोन, पर्स व महिला का मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। ग्राम रामगढ़ निवासी हदेश जाटव अपनी पत्नी सीमा जाटव के साथ शनिवार शाम करीब 7 .30 बजे लुकवासा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे ओढेरा तिराहे के पास पहुंचे, पीछे से आए दो बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मार दी। दंपति सड़क पर गिरते ही एक बदमाश ने कट्टा निकालकर हदेश की छाती पर तान दिया और धमकाते हुए एंड्रॉयड मोबाइल, पर्स और सीमा का मंगलसूत्र छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश अपनी बाइक से मौके से फरार हो गए।

गणेशोत्सव की रही धूम : दोनों समितियों के भव्य आयोजनों में आकर्षक झांकियां, डांस, डीजे कंपटीशन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 7 सितम्बर। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शिवपुरी शहर गणेश भक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। शहर में श्रीगणेश सांस्कृतिक समारोह समिति (कस्टम गेट) एवं श्रीगणेश सांस्कृतिक समिति (न्यू ब्लॉक हंस बिल्डिंग) के भव्य कार्यक्रमों ने देर रात तक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारों के साथ आकर्षक झांकियों, डांस और भक्ति गीतों का आनंद लेते रहे। दोनों आयोजनों में करीब 2 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी रही और पूरा नगर गणेशमय हो गया।

कस्टम गेट का 41वां भव्य गणेशोत्सव: डांस इंडिया डांस विजेता अक्षय पाल, कोरियोग्राफर प्रिंस सोनी और मिस इंडिया फाइनलिस्ट/एक्टर शैलजा मिश्रा विशेष आकर्षण रहे। झांकियों में राफेल फाइटर जेट, ब्रह्मोस मिसाइल, डायनासोर और भगवान कृष्ण की हाइड्रोलिक झांकी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कृतिका नोगरइया (यूपीएससी में सफल होकर आईएएस बनी) और ललित गर्ग (प्रदेश की पहली हाइड्रोलिक एम्बुलेंस निर्माता, पशुसेवी) का सम्मान किया गया। मुकेश म्यूजिकल ग्रुप (अलख शाक्य, उदय शाक्य, प्रशांत, नवीन सिनोरिया, मनोज, आनंद, सोनू बाली, संगीता श्रीवास्तव, प्रियंका मिश्रा व गायक

मुकेश आचार्य) ने भक्ति और देशभक्ति गीतों से समां बांधा। नृत्य प्रतियोगिता में जूनियर से सीनियर बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सामाजिक संस्थाओं ने निशुल्क जलपान व भंडारे का आयोजन किया। मुख्य अतिथि और गणमान्य नागरिकों में भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक पोहरी कैलाश कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, एडिशनल एएसपी संजीव मुले, नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, नरवर नगर परिषद अध्यक्ष संदीप माहेश्वरी, समाजसेवी रामकुमार शिवहरे मंचासीन रहे। समिति पदाधिकारी अध्यक्ष मनीष रमेशचंद्र जैन, प्रतीक गुप्ता, सिद्धार्थ लढ़ा, राम गुप्ता, लायन अशोक ठाकुर, संयोजक रामकृष्ण मित्तल, जयदीप महेश्वरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र विकल, अंकित सक्सेना और मुकेश आचार्य ने संयुक्त रूप से किया।

नगर गणेशमय-गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा शिवपुरी : दोनों समितियों के आयोजनों ने शिवपुरी में गणेशोत्सव को ऐतिहासिक बना दिया। जहां झांकियों में आध्यात्मिक आस्था और आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिला, वहीं मंच पर डांस, योग, संगीत और सम्मान समारोह ने कार्यक्रम की भव्यता को चार चांद लगाए।

न्यू ब्लॉक हंस बिल्डिंग कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ

गोल्डन कैट डांस ग्रुप की धमाकेदार प्रस्तुति और भोपाल से आए नटराज डीजे व महाराजा डीजे आकर्षण का केंद्र बने। मंच पर नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की गईं। भैरव बाबा उत्सव समिति, इच्छा पूर्ण शिव मंदिर, राधारमण मंदिर पुरानी शिवपुरी, भैरव बाबा उत्सव समिति पुरानी शिवपुरी, बिन्नू महाराज आदि की झांकियों ने मन मोह लिया। गुना, ग्वालियर और भोपाल से आए डीजे के बीच कंपटीशन ने दर्शकों को रोमांचित किया। मंगलम योग संस्था के बच्चों ने अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की योग प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। श्रद्धालुओं के लिए रातभर भंडारे चलते रहे जिनमें पूरी, सब्जी, खिचड़ी, कचौड़ी, चाय, पोहा और जलेबी का वितरण हुआ। समिति पदाधिकारी और अतिथियों में संरक्षक भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, अध्यक्ष तेजमल सांखला, उपाध्यक्ष वीरेंद्र जैन (पत्ते वाले), तरुण अग्रवाल, गोपाल गौड़, श्याम सुंदर राठौर, महासचिव महेंद्र रावत, सचिव सौरभ सांखला, कोषाध्यक्ष कालूराम शिवहरे, सह-कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता (सनी ग्राफिक्स), सह-सचिव मुन्नालाल कुशवाह और दिनेश गर्ग (गुड्डे) मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र रावत, शिखा मंगल और बृज दुबे ने संयुक्त रूप से किया। प्रचार सचिव बृज दुबे, राजीव शर्मा और मीडिया प्रभारी राजू यादव (ग्वाल) ने जानकारी दी।

स्मार्ट मीटर और स्कूल बंदी नीति के खिलाफ शिवपुरी में गरजा जनाक्रोश

स्मार्ट मीटर और 94,000 स्कूलों को बंद करने की नीति वापस लेने की मांग पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय पब्लिक कन्वेंशन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 7 सितम्बर। शहर के लुधावली स्थित एक निजी स्कूल में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने और 94 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद कर सान्दीपनि स्कूलों में मर्ज करने की नीति के खिलाफ 6 सितंबर

पब्लिक कन्वेंशन में उठी राज्यव्यापी आंदोलन की हुंकार

को जिला स्तरीय पब्लिक कन्वेंशन का आयोजन हुआ। इस कन्वेंशन में बड़ी संख्या में उपभोक्ता, छात्र और अभिभावक शामिल हुए और सरकार की इन दोनों नीतियों को जनता विरोधी करार दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिजली उपभोक्ता मंच म.प्र. राज्य कमेटी सदस्य मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि

प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद आम जनता बेहाल है। जहां 100-200 रुपये के बिल आते थे, वहां अब हजारों-लाखों रुपये के बिल थमा दिए जा रहे हैं। यहां तक कि एक किसान का बिल 2 लाख 62 हजार तक पहुंच गया, श्रीवास्तव ने कहा। उन्होंने चेताया कि यह मीटर निजी कंपनियों के हित में हैं और जनता को गुलाम बनाने की साजिश है। इसी मंच से श्रीवास्तव ने स्कूलों को बंद करने की नीति पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से अब तक प्रदेश में 29,945 सरकारी स्कूल बंद किए जा चुके हैं। जहां कभी 1.21 लाख सरकारी स्कूल थे, अब यह संख्या घटकर 92 हजार रह गई है। सरकार इन्हें घटाकर केवल 10 हजार सी.एम.राइज/सान्दीपनि स्कूल चलाना चाहती है, वह भी निजी हाथों में देने की योजना के साथ। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में 44,620 शिक्षक पद खाली हैं, हजारों स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं और कई स्कूलों में तो शौचालय तक नहीं हैं, तब सरकार का स्कूल बंद करना और शिक्षा का निजीकरण करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कन्वेंशन में निर्णय लिया गया कि यदि स्मार्ट मीटर और स्कूल बंद करने की नीति वापस नहीं ली गई तो शिवपुरी से लेकर भोपाल तक बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। बिजली विभाग की घेराबंदी और राज्य स्तरीय प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा बचाओ समिति के जिला संयोजक देवेंद्र सैन ने किया।

आम आदमी पार्टी की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

नरवर 7 सितम्बर। नरवर नगर के लोड़ी माता मंदिर के पास स्थित अमर शांति गेस्ट हाउस पर आज आम आदमी पार्टी की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख अतिथि महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीक्षासिह तोमर ग्वालियर, अतिथि जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता शिवपुरी, महिला जिला अध्यक्ष भावना सेन ,प्रदेश सह सचिव विक्रम लोधी ग्वालियर का स्वागत नरवर ब्लॉक के कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर किया गया युक्त अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीक्षासिह तोमर ने आप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का विस्तार ही हमारा लक्ष्य है,आप हम सब कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा के साथ पार्टी व देश हित में कार्य करना चाहिए ,आप हम सभी को

कार्यकर्ताओं को जोड़कर करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बनाकर प्रदेश में आप पार्टी को तीसरे नेत्र के रूप में खोलकर प्रदेश को विकासशील प्रदेश बनाना है, प्रत्येक कार्यकरता को अपने साथ प्रत्येक मीटिंग में चार-चार व्यक्तियों को लाना है आपको नए संगठन का विस्तार करना है युक्त अवसर पर नरवर ब्लॉक अध्यक्ष कल्लूराम कुशवाहा ,पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष नितिन गुप्ता, कार्यकर्ता गण प्रकाश कुशवाहा, लोकमन सोलंकी ,सचिव लक्ष्मण सिंह, धीरेंद्र कुशवाहा उपाध्यक्ष, रामवीरबघेल ,लोकेंद्र रावत, अभय श्रीवास्तव के अलावा आधा सेकडा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे

खिड़की तोड़कर घुसे नकाबपोश, परिवार को कमरे में बंद कर लाखों के जेवर व नकदी ले उड़े



नवभारत न्यूज

शिवपुरी 7 सितम्बर। शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र स्थित नरेंद्र नगर शनिवार की रात चोरी की दो बड़ी वारदातों से दहल उठा। दोनों घटनाओं में चोरों ने एक जैसी तरकीब अपनाते हुए पहले घर में खिड़की उखाड़ी, फिर परिजनों को बाहर से कमरे में बंद कर दिया और अलमारियों से लाखों रुपए के जेवर-नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पहली वारदात विवेक राठौर के घर में हुई। चोर रसोई की खिड़की से भीतर घुसे और विवेक सहित भाइयों के कमरों की बाहर से कुंडी जड़ दी। इसके बाद वे विनोद की मां के कमरे तक पहुंचे और अलमारी तोड़कर करीब 12 तोला सोना, ढाई किलो चांदी व 80 हजार नकदी ले गए। सुबह पड़ोसियों की मदद से कमरे खुलने पर चोरी का पता चला। परिजनों का दावा है कि चोरों ने नशीला स्प्रे किया था, क्योंकि सभी का सिर भारी था। दूसरी वारदात नीरू तोमर के घर हुई। उनकी पत्नी और बच्चे ग्वालियर गए थे, घर पर वे अकेले थे। चोरों ने बाहर से उनके कमरे की कुंडी बंद की और दूसरे कमरे से 20 हजार नकदी, सोने की चेन, दो अंगूठियां, एक हार व चार चूडियां चुरा ले गए। सुबह 4 बजे नीरू ने खुद को कमरे में बंद पाया, पड़ोसियों की मदद से कुंडी खुलवाने के बाद वारदात का खुलासा हुआ। सूचना पर फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ले में घटनाओं से दहशत का माहौल है।

जनमन आवास पर प्रशासन का अल्टीमेटम, अब नहीं चलेगी ढिलाई

शिवपुरी। जनमन आवास योजना अब प्रशासन की प्राथमिकता में नंबर-1 पर है। जिला पंचायत शिवपुरी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन.एस. नरवरिया ने स्पष्ट कहा कि इस योजना में किसी भी स्तर पर ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनपद पंचायत पिछोर में देर रात लगाई गई चौपाल में नरवरिया ने ग्रामीणों को योजना की सफलता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एवीएन नोडल अधिकारी विवेक कुमार लोधी भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने मिलकर ग्रामीणों को भगवान बिरसा मुंडा की शपथ दिलाई और वचन लिया कि स्वीकृत जनमन आवास समय पर पूरे होंगे। योजना में पहले चरण की किस्तों में गड़बड़ी और सुस्ती सामने आने के बाद जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन पहले ही कई रोजगार सहायकों, सचिवों और नोडल अधिकारियों को नोटिस थमा चुके हैं। अब चौपालों के जरिए ग्रामीणों को भी जागरूक कर जिम्मेदारी तय की जा रही है।

पोहरी भक्ति भाव से सराबोर, भगवान जिनेन्द्र देव की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

शोभा यात्रा में महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करतींऔर डांडिया खेलतीं नजर आईं, शोभायात्रा में जैन दिव्य घोष ने बांधा समां

पोहरी 7 सितम्बर। दसलक्षण महापर्व के अवसर पर रविवार को नगर में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करतीं और डांडिया खेलतीं नजर आईं। गीत रंगमा मे रंगमा प्रभु रंग में रंग गयो रै जैसे भजनों ने वातावरण को भक्ति रस में रंग दिया।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जैन समाज के हितेश जैन पत्रकार ने बताया कि नगर की यह शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे और अधिक भव्य बना दिया।

इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में शांतिधारा, अभिषेक और सामूहिक पूजन के पश्चात शोभा यात्रा का शुभारंभ आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से हुआ। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार होते हुए जय स्तंभ चौराहे से वापस मंदिर पहुँची। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह आरती उतारी गई और भक्तों ने नृत्य कर आस्था व्यक्त की।

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भगवान जल बिहार के लिए मंदिर से निकले। शोभायात्रा मंदिर पहुँचने के बाद बोली प्रक्रिया के तहत कलश लिए गए। प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ कलश की बोली लेने वाले श्रद्धालुओं को भगवान के अभिषेक का विशेष लाभ प्राप्त हुआ।

यात्रा का समापन होने के बाद प्रसिद्ध गायक अरुण जैन ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। इस वर्ष शोभायात्रा का आकर्षण भगवान की नवीन पालकी रही, जिसे नीलमचंद जैन, योगेन्द्र जैन पत्रकार एवं दृव्य जैन (रामगढ़ वाले) परिवार ने मंदिर में भेंट की।शोभायात्रा में जैन दिव्य घोष ने बांधा समां-भगवान की भव्य शोभायात्रा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा में शिवपुरी से आए जैसवाल जैन युवा संघ के दिव्य घोष दल ने भगवान के रथ के आगे चलकर पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। युवा साथियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दिव्य घोष की गूंज से नगर के मार्ग भक्ति रस से भर उठे। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति गीतों और घोष ध्वनियों में लीन नजर आए। इस दिव्य घोष ने न केवल शोभायात्रा की भव्यता में चार चांद लगाए, बल्कि नगरवासियों को अध्यात्म और भक्ति के माहौल से जोडने् का कार्य भी किया।